## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय धरती माता बचाओ निगरानी समिति का गठन

**शहडोल।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार उर्वरक खपत की चुनौतियों का समाधान करने के लिये ग्राम स्तरीय, उप संभाग स्तरीय एवं जिला स्तरीय धरती माता बचाओ निगरानी समिति का गठन कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में किया गया है। यह समिति किसी भी विशेष व्यक्ति या व्यक्ति समूह को उर्वरकों की अत्यधिक बिक्री उर्वरकों के किसी भी अवैध उपयोग के साथ-साथ नकली उर्वरकों के उत्पादन/वितरण पर नजर रखने, उसके कारणों का पता लगाकर और गैर कृषि उपयोग/सीमा पर तस्करी के लिये उर्वरकों के उपयोग की स्थिति से जिला एवं अनुविभाग अधिकारियों को सूचित करेगी।

जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष कलेक्टर एवं उपाध्यक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हैं। समिति में पुलिस अधीक्षक, उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, परियोजना संचालक आत्मा, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, आंचलिक अनुसंधान केन्द्र, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें, उप पंजीयक सहकारी संस्थायें, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक एम.पी. एग्रो, तथा उर्वरक कंपनी खाद संघ प्रतिनिधि को सदस्य बनाया गया है।

यह समिति जिले में उर्वरक के उपयोग की समीक्षा एवं संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, जिला प्रशासन के द्वारा ग्राम समितियों के माध्यम से 100 ऐसे ग्रामों का जहां रासायनिक उर्वरक का उपयोग अधिक किया जा रहा है। उन ग्रामों में ग्राम स्तरीय बैठकों का आयोजन कर संतुलित उर्वरक के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगी। रासायनिक उर्वरक के अवैद्य भण्डारण, वितरण की स्थिति में पुलिस प्राथमिकी, गिरफ्तारी, लायसेंस का निलंबन निरस्त जैसी कार्यवाही करेगी। जिले के उर्वरकों के भण्डारण की स्थिति का मूल्यांकन करने एवं आवश्कता पडऩे पर अधिक उपलब्ध उर्वरक को कमी वाले क्षेत्र मं स्थानांतरित करने की अनुसंशा करेगी।

पाली ब्लॉक के गांवों के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

# कोल कंपनियों की मनमानी पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

### स्थानीय युवाओं को नहीं मिल रहा रोजगार, पर्यावरण नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां




**शहडोल/उमरिया।** संभाग में कोल कंपनियों की मनमानी और बेरोजगारी को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उमरिया जिले के पाली ब्लॉक अंतर्गत आने वाले प्रभावित गांवों के ग्रामीणों ने सोमवार को मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कंपनियों द्वारा किए जा रहे रोजगार और पर्यावरणीय शर्तों के उल्लंघन की कड़ी निंदा की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कोल कंपनियां केवल अपने मुनाफे के लिए काम कर रही हैं और प्रदेश सरकार की शर्तों की खुलेआम अवहेलना कर रही हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्र में संचालित अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड (मरझानटोला), सारडा एनर्जी लिमिटेड (रायगढ़), महेश्वरी कोल वॉशरी लिमिटेड, और गंगामाई कोल ब्लॉक लिमिटेड जैसी कंपनियों को काम की अनुमति इस शर्त पर दी गई थी कि वे प्रभावित क्षेत्र के युवाओं को रोजगार देंगी, पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखेंगी और ग्राम सभाओं से अनुमोदन लेकर ही परियोजनाएं आगे बढ़ाएंगी। लेकिन वास्तविकता यह है कि कंपनियां इन नियमों का पालन नहीं कर रहीं है, स्थानीय बेरोजगारों की जगह बाहरी लोगों की भर्ती की जा रही है, जल-जंगल-जमीन की सुरक्षा का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा और ग्राम सभाओं को नजरअंदाज किया जा रहा है।

#### सूख रहे पेयजल स्त्रोत

ग्रामीणों ने बताया कि कोल परियोजनाओं के कारण गांवों में धूल, शोर, प्रदूषण और स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। खेतों की उर्वरता प्रभावित हो रही है, पेयजल के स्त्रोत सूख रहे हैं और फसलें नष्ट हो रही हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि कंपनियों द्वारा पर्यावरणीय मापदंडों की अनदेखी करते हुए अवैध रूप से खनन और परिवहन कार्य किया जा रहा है। ट्रकों से निकलती कोयले की धूल से आसमान काला रहता है और बच्चों तथा बुजुर्गों में सांस संबंधी बीमारियां बढ़ती जा रही हैं।

#### स्थानीय युवाओं में नाराजगी

ग्राम घुमघुट्टी, अर्जुनी, धौरई, बड़वाही, मोहतराई, पहुनिया, मरझा टोला, शाहपुर, कुसमहाकला, ओड़ेश, अमगवां, खेवलवाही, बंधवाबहार, शेण्ड, ब्लाक पचड़ी, सलैया समेत दर्जनों गांव प्रभावित क्षेत्र में आते हैं, जहां ग्रामीण वर्षों से कोल कंपनियों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार ने कंपनियों को यह जिम्मेदारी दी थी कि वे प्रभावित गांवों के युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देंगी, लेकिन कंपनियां बाहरी मजदूरों और ठेकेदारों को काम दे रही हैं, जिससे स्थानीय युवाओं में गहरी नाराजगी है।

#### बड़े आंदोलन की राह पर विवश

ज्ञापन में ग्रामीणों ने मांग की है कि सरकार तुरंत कार्रवाई कर क्षेत्र के युवाओं को प्राथमिकता से रोजगार दिलाए। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और ग्राम सभाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार और प्रशासन ने इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया, तो वे बड़े आंदोलन की राह अपनाने को विवश होंगे।

#### सामाजिक उत्तरदायित्व कार्य नहीं

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कंपनियों द्वारा ग्राम सभाओं की मंजूरी के बिना लगातार कार्य किया जा रहा है, जो पंचायती राज अधिनियम और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन है। प्रभावित क्षेत्रों में कंपनियों की ओर से कोई सामाजिक उत्तरदायित्व कार्य नहीं किए जा रहे। विद्यालयों और अस्पतालों की स्थिति दयनीय है, जबकि कंपनियों की आमदनी करोड़ों में है। ज्ञापन में लिखा गया है कि म.प्र. शासन द्वारा शहडोल संभाग के अंतर्गत संचालित कोल परियोजनाओं को यह शर्त दी गई थी कि स्थानीय लोगों को रोजगार मिले और पर्यावरणीय संतुलन बना रहे, किंतु कंपनियां इन बातों को नजरअंदाज कर बाहरी लोगों को नियुक्त कर रही हैं। ग्राम सभाओं की सहमति के बिना काम किया जा रहा है। यह प्रदेश के कानूनों और संवैधानिक प्रावधानों की खुलेआम अवमानना है।

#### शांतिपूर्वक होगी सम्मान की लड़ाई

गांव के प्रमुख लोगों उमाशंकर सिंह, रंजीत कोल, श्याममोहन सिंह, मनीष बैगा, गंगाराम सिंह, रवि पटेल, सुनील कोल, अमृत सिंह, बृजलाल बैगा सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने इस ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि राज्य सरकार ने शीघ्र कार्यवाही नहीं की, तो प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण भोपाल तक पैदल यात्रा कर आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि हम अपने हक और सम्मान की लड़ाई शांतिपूर्वक लड़ेंगे, लेकिन अब चुप नहीं बैठेंगे।

महिला स्व-सहायता समूहों की लोन राशि हड़पने का बड़ा मामला

# बैंक मित्र कविता साहू और पति पर गंभीर आरोप

### ग्रामीणों ने संभागायुक्त से जांच की मांग की



**शहडोल।** महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने के नाम पर चल रही योजनाओं में भ्रष्टाचार का जाल गहराता जा रहा है। जिले के विकासखंड गोहपारू के ग्राम उमरिया, पधार, धौनाहा, पलसउ और बरकोड़ा के कई महिला समूहों ने बैंक मित्र श्रीमती कविता साहू और उनके पति रामप्रताप साहू पर करोड़ों रुपये के गबन का सनसनीखेज आरोप लगाया है।

ग्रामीण महिलाओं द्वारा संभागायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि कविता साहू, जो पहले ग्राम संगठन की अध्यक्ष रह चुकी हैं और वर्तमान में बैंक मित्र हैं, उन्होंने समूहों की लोन वसूली की राशि को अपने निजी उपयोग में खर्च किया। इतना ही नहीं समूह गठन के नाम पर 10 प्रतिशत कमीशन भी वसूल किया गया, जिसका कोई लेखा-जोखा नहीं है। महिलाओं का कहना है कि बैंक मित्र का काम करने के बावजूद वास्तविक कार्य उनके पति रामप्रताप साहू करते हैं, जो नियमों के खिलाफ है।

शिकायत में बताया गया है कि रामप्रताप साहू लोन वसूली के लिए महिलाओं के घर तक जाते हैं, धमकियां देते हैं और कहते हैं कि खाता होल्ड कर देंगे। इससे डरी-सहमी महिलाएं शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटा पातीं। आरोप यह भी है कि सेंट्रल बैंक के कैशियर बलकरण यादव के साथ मिलीभगत कर बंद समूहों को सक्रिय दिखाकर फर्जी तरीके से सरकारी फंड निकाले जा रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी खुलासा किया है कि सहायक बैंक अधिकारियों और आजीविका मिशन के गोहपारू कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों की मिलीभगत से यह भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है। स्थानीय महिलाओं ने सवाल उठाया है कि एक छोटे कृषक परिवार की महिला, जो पहले मामूली जमीनी हिस्सेदारी रखती थी, अब लाखों की संपत्ति, बोलेरो गाड़ी और पक्के मकान की मालिक कैसे बन गई?

ग्रामीणों ने मांग की है कि कविता साहू, उनके पति और बैंक अधिकारियों के खातों की विस्तृत जांच कराई जाए। साथ ही बैंक के सीसीटीवी फुटेज और फोटोकॉपी दुकान के कैमरा रिकॉर्ड से पूरे लेनदेन की सच्चाई उजागर की जा सकती है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो यह महिला सशक्तिकरण योजना, महिला शोषण योजना बनकर रह जाएगी। अब नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या प्रशासन इस गबनकांड में शामिल प्रभावशाली नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई करेगा या फिर यह मामला भी अन्य घोटालों की तरह फाइलों में दब जाएगा।

# शहडोल में फर्जी डॉक्टर का कारनामा

### इंजेक्शन लगाते ही महिला की हालत नाजुक

**शहडोल।** जिले में झोलाछाप डॉक्टरों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा। बिना डिग्री, बिना रजिस्ट्रेशन और बिना अनुमति के खुलेआम इलाज का धंधा चल रहा है और प्रशासन अब तक गहरी नींद में है। ताजा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के घरौला मोहल्ला वार्ड क्रमांक 20 का है, जहां राज क्लीनिक नाम से संचालित एक फर्जी डॉक्टर ने इलाज के नाम पर महिला की जान जोखिम में डाल दी।

पीड़ित पति रवि केवट ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दी शिकायत में बताया कि उनकी पत्नी सीमा केवट को 1 अक्टूबर 2025 को कमर दर्द की शिकायत थी। इलाज के लिए वे राज क्लीनिक (प्रकाश जागवानी के घर के सामने) गईं, जहां बिना किसी चिकित्सीय योग्यता वाला तथाकथित डॉक्टर बिना प्रेसक्रिप्शन और बिना रजिस्ट्रेशन के ही डायक्लोफेनिक इंजेक्शन लगा दिया।

### पांच दिन अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूली

इंजेक्शन लगते ही महिला की तबीयत बेकाबू हो गई, उल्टियां, बेहोशी और पूरे शरीर में सूजन आने लगी। घबराकर परिजन तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे, लेकिन हालत इतनी गंभीर थी कि डॉक्टरों को उसे आदित्य हॉस्पिटल में रेफर करना पड़ा। वहां पांच दिन तक भर्ती रखकर इलाज किया गया, इसके बाद भी डॉक्टरों ने स्पष्ट कहा कि मरीज को नागपुर या जबलपुर रेफर करना पड़ेगा। रवि केवट ने आरोप लगाया है कि राज क्लीनिक नामक यह सेंटर पूरी तरह फर्जी है, यहां न डॉक्टर का पंजीयन है और न ही कोई अनुमति। झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की नाकामी और मिलीभगत के कारण ऐसे नकली डॉक्टरों के हौसले बुलंद हैं। सवाल यह है कि जब राज क्लीनिक जैसी फर्जी संस्थाएं खुलेआम चल रही हैं, तो क्या स्वास्थ्य महकमा किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है?

# डीईओ पर मानहानि के आरोप से शिक्षा विभाग में मचा बवाल



### एक माह में सार्वजनिक माफी की मांग, नहीं तो मुकदमे की चेतावनी

**शहडोल।** जिला शिक्षा कार्यालय शहडोल इन दिनों भारी विवादों में घिर गया है। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मरपाची को एक अधिवक्ता द्वारा भेजे गए मानहानि नोटिस ने पूरे विभाग में हडक़ंप मचा दिया है। यह नोटिस जनपद शिक्षा केंद्र सोहागपुर में पदस्थ उपसंयोजक राजेंद्र कुमार पांडेय की ओर से अधिवक्ता रवि शंकर गौतम एडवोकेट द्वारा जारी किया गया है, जिसमें प्रभारी डीईओ पर झूठे और दुर्भावनापूर्ण आरोप लगाकर उनके मुवक्किल की सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है।

मामला शासकीय हाईस्कूल सकली (विकासखंड ब्यौहारी) की जांच से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार, विद्यालय में निर्माण कार्यों और खर्च से संबंधित शिकायतों पर संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण शहडोल संभाग ने एक जांच समिति गठित की थी। 5 मई 2025 को गठित इस समिति में राजेंद्र पांडेय को भी शामिल किया गया था, लेकिन बाद में 9 जुलाई 2025 को प्रभारी डीईओ द्वारा जारी आदेश क्रमांक 3367 के माध्यम से उन्हें जांच से हटा दिया गया। उक्त पत्र में श्री पांडेय पर यह आरोप लगाया गया कि उन्होंने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कार्य किया तथा विभागीय सामग्री की खरीद में अनियमितता के लिए वे जिम्मेदार हैं।

अधिवक्ता द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि ये आरोप पूरी तरह झूठे और निराधार हैं। नोटिस में दावा किया गया है कि प्रभारी डीईओ ने द्वेषवश राजेंद्र पांडेय के विरुद्ध अपमानजनक बातें कहकर और सोशल मीडिया में गलत जानकारी फैलाकर उनकी छवि धूमिल की है। इससे न केवल वे मानसिक रूप से आहत हुए हैं बल्कि उनके परिवार और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंची है।

नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि प्रभारी डीईओ एक माह के भीतर सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते और लगाए गए झूठे आरोपों का खंडन नहीं करते, तो उनके खिलाफ मानहानि का दीवानी मुकदमा दायर किया जाएगा। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि ऐसी हरकतें न केवल व्यक्तिगत मानहानि हैं, बल्कि सरकारी सेवा आचरण नियमों का भी उल्लंघन करती हैं।

श्री पांडेय ने यह भी बताया कि उन्होंने पहले ही 15 जुलाई 2025 को संयुक्त संचालक लोक शिक्षण को पत्र भेजकर जांच से स्वयं को अलग करने का अनुरोध किया था, ताकि किसी तरह की पक्षपात की स्थिति न बने। इस पूरे प्रकरण के सामने आने के बाद शिक्षा विभाग में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं। कुछ कर्मचारी इसे विभागीय रंजिश और मनमानी का नतीजा बता रहे हैं, जबकि कुछ अधिकारी मानते हैं कि जांच के बाद ही हकीकत सामने आएगी। फिलहाल, इस मानहानि नोटिस ने जिला शिक्षा कार्यालय की कार्यशैली और अंदरूनी खींचतान को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है।

# गरीब मजदूर की जमीन पर दलाल का कब्जा

### माँ की बीमारी का फायदा उठाकर हड़पी पांच किता भूमि, एसपी से न्याय की गुहार



**शहडोल।** गरीब की मजबूरी को अपनी चालबाजी का हथियार बनाकर जमीन हड़पने का एक शर्मनाक मामला सामने आया है। ग्राम पचगांव के मेहनतकश मजदूर सतीश विश्वकर्मा उर्फ नन्हें ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर आरोप लगाया है कि जमीन दलाल सुनील गुप्ता पिता श्रीनिवास गुप्ता निवासी पुरानी बस्ती वार्ड क्रमांक 4, शहडोल ने विश्वास में लेकर उसकी पूरी जमीन धोखाधड़ी से अपने नाम रजिस्ट्री करवा ली।पीड़ित सतीश विश्वकर्मा ने बताया कि उसकी मां गंभीर रूप से बीमार थी और इलाज के लिए उसे पैसों की सख्त जरूरत थी। इस संकट की घड़ी में उसने अपनी एक छोटी सी जमीन (खसरा नंबर 478/1/2, रकबा 0.0310 हेक्टेयर) का सौदा तीन लाख रुपये में सुनील गुप्ता से किया था। तय हुआ था कि 1.5 लाख बैंक खाते में और 1.5 लाख रुपये पंजीयन कार्यालय में नगद दिए जाएंगे, लेकिन मां के इलाज की चिंता में उलझे सतीश के साथ सुनील गुप्ता ने ऐसी साजिश रची कि सौदे के समय उसकी बाकी पांचों जमीनें भी अपने नाम रजिस्ट्री करवा लीं। जिनमें खसरा नंबर 117/1/2, 119/1/2, 270/1/2, 327/1/2 और 329/1/2 कुल पांच किता भूमि शामिल है। सतीश ने बताया कि उस वक्त वह अपनी मां की बिगड़ती हालत से परेशान था, इसलिए रजिस्ट्री को पढ़ नहीं पाया और सुनील गुप्ता पर भरोसा कर दस्तखत कर दिए। बाद में जब उसने बची हुई जमीन बेचने की कोशिश की, तब उसे पता चला कि सारी जमीन रजिस्ट्री क्रमांक 37858202441132585 दिनांक 02 फरवरी 2024 के तहत सुनील गुप्ता के नाम हो चुकी है।

मां के निधन 23 फरवरी 2025 के बाद जब उसे होश आया तो, जमीन खोजने पर पता चला कि दलाल सुनील गुप्ता ने उसकी सारी जमीन हड़प ली है। अब पीड़ित परिवार इंद्रवती विश्वकर्मा, श्यामकली विश्वकर्मा, सतीश विश्वकर्मा और चंद्रभान विश्वकर्मा ने एसपी शहडोल से गुहार लगाई है कि इस जमीन धोखाधड़ी कांड की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश की धाराओं में मामला दर्ज किया जाए। जागरूक लोगों का कहना है कि जिले में ऐसे दलाल सक्रिय हैं, जो गरीबों की मजबूरी का फायदा उठाकर रजिस्ट्री की आड़ में जमीन कब्जा कर रहे हैं। सवाल यह है कि क्या प्रशासन ऐसे जमीन माफियाओं पर नकेल डालेगा या फिर गरीबों की पुश्तैनी जमीनें इसी तरह लुटती रहेंगी?

# सरदार पटेल जयंती पर छात्रों ने लिया एकता का संकल्प

### शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में लौह पुरुष को दी गई श्रद्धांजलि



**शहडोल।** पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बड़े उत्साह से मनाई गई। कुलगुरु प्रो. राम शंकर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। विभागाध्यक्ष डॉ. चेतना सिंह, डॉ. पूर्णिमा शर्मा, डॉ. संजली गुप्ता, संजय पनिका, प्रिन्सी सिन्हा और दीप्ति पांडे सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजली गुप्ता ने किया। छात्रों ने सरदार पटेल के जीवन और योगदान पर भाषण, कविताएं और कहानियां प्रस्तुत कीं। छात्रा लक्ष्मी का प्रभावी भाषण और लखेश्वर सिंह की कविता लौह पुरुष की लौह इच्छा ने सभी का ध्यान खींचा।मुख्य अतिथि प्रो. गीता सराफ ने कहा कि सरदार पटेल केवल प्रशासक नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माता थे। उन्होंने भारत को एक सूत्र में पिरोकर सच्चे अर्थों में एकता की मिसाल कायम की। डॉ. पूर्णिमा शर्मा और प्रिन्सी सिन्हा ने भी पटेल की एकता-दृष्टि और नेतृत्व को वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरक बताया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय एकता की शपथ और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। दीप्ति पांडे ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में देशभक्ति और ऐतिहासिक चेतना को प्रबल करते हैं।

# वेदांत मिश्रा का राष्ट्रीय सेपकटकरा प्रतियोगिता में चयन

### राज्य स्तरीय मुकाबले में गोल्ड जीतकर किया जिले का नाम रोशन



**शहडोल।** जिले के युवा खिलाड़ी वेदांत मिश्रा और नवनीत जायसवाल ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय देते हुए राज्य स्तरीय सेपकटकरा प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर शहडोल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 29 से 31 अक्टूबर 2025 तक रायसेन जिले के मंडीदीप में आयोजित हुई, जिसमें मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से चुनिंदा खिलाडिय़ों ने हिस्सा लिया।वेदांत मिश्रा और नवनीत जायसवाल ने शानदार खेल कौशल, अनुशासन और टीम स्पिरिट का परिचय देते हुए फाइनल मुकाबले में प्रतिद्वंद्वी टीम को पराजित किया। दोनों खिलाडिय़ों के प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन अब राष्ट्रीय सेपकटकरा प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जो झारखंड की राजधानी रांची के खेलगांव में आयोजित होगी। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के श्रेष्ठ खिलाड़ी भाग लेंगे, जहाँ वेदांत मिश्रा मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।शांति देवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राजन शर्मा, स्कूल मैनेजर मोनिका तिवारी, प्राचार्या शुभांगी श्रीवास्तव और कोच रामकिशोर चौरसिया ने वेदांत की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि वेदांत की मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। विद्यालय परिवार ने वेदांत मिश्रा और नवनीत जायसवाल को आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। शहडोल के खेल प्रेमियों ने भी दोनों खिलाडिय़ों की इस शानदार सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी प्रतिभाएं जिले को खेल जगत में नई पहचान दिला रही हैं।

**खबर संक्षेप**

### कमिश्नर ने सुनी जन समस्याएं, अधिकारियों को दिए समयसीमा में निराकरण के निर्देश



**शहडोल।** संभागायुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता की अध्यक्षता में संभाग के विभिन्न जिलों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं। सोहागपुर निवासी गीता प्रसाद शुक्ला ने सेवानिवृत्ति उपरांत देय राशि भुगतान, अमन अली ने अनुकंपा नियुक्ति, छोटे लाल रौतेल ने धान गिरदावरी, लक्ष्मी कुमार मिश्रा ने अर्जित अवकाश दर्ज कर नकद भुगतान, प्रिया खटिक ने पीएम आवास और बिजली बिल माफी, जबकि उमरिया के प्रमोद गुप्ता ने चोरी प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की। कमिश्नर ने सभी प्रकरणों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवेदन भेजकर शीघ्र और पारदर्शी निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने सुनी जनता की समस्याएं



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। ग्राम बंधवाबड़ा निवासी राजेंद्र प्रसाद शुक्ला ने कपिलधारा कूप की मजदूरी और मटेरियल भुगतान, आरती साहू ने आर्थिक सहायता और रोजगार, रमेश प्रसाद मिश्रा ने निःशक्तता प्रमाण पत्र, कमलेश सिंह ने धान नुकसान का मुआवजा, सुरेश कोल ने किसान सम्मान निधि, अनूप सिंह ने ग्रेजुएटी भुगतान, रमेश तिवारी ने अतिक्रमण हटाने तथा शांति तिवारी ने धान गिरदावरी दर्ज कराने की मांग की। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को अग्रेषित कर निर्धारित समयसीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीतामढ़ी में 11 हजार दीपों से सजेगा भगवान श्रीराम का अलौकिक दीपोत्सव

**शहडोल।** देव दीपावली के पावन अवसर पर 5 नवंबर को श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास, संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन शहडोल के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम गंधिया (सीतामढ़ी) में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। श्रीराम पथ गमन स्थल पर शाम 3 बजे से आरंभ होने वाले इस आयोजन में 11 हजार दीपों से भगवान श्रीराम और माता सीता की आराधना की जाएगी। पूरा सीतामढ़ी क्षेत्र दीपमालाओं से अलौकिक आभा में नहाएगा। कार्यक्रम में पंडितों द्वारा महाआरती एवं भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी, जबकि उमरिया की सुप्रसिद्ध भजन गायिका बबली यादव अपनी मधुर भक्ति प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगी। देव दीपावली के अवसर पर जिले के अन्य धार्मिक स्थलों पर भी दीपोत्सव का आयोजन होगा। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु अधिकारियों की नियुक्ति की है। सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति को कार्यक्रम प्रभारी, विवेक पांडे को समन्वयक बनाया गया है। गंधिया-सीतामढ़ी हेतु नोडल अधिकारी एसडीएम काजोल सिंह तथा सहायक नोडल अधिकारी शिवानी जैन रहेंगी। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन, रंगोली, भजन व जनजातीय कलाकारों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र होंगी।

## अंकित सिंह और टीम ने बचाई युवकों की जान

# धनपुरी में हादसे के बाद कांग्रेस नेताओं की मानवता की मिसाल

धनपुरी।

अमलाई क्षेत्र के पास एक दर्दनाक सडक़ हादसे में घायल पड़े दो युवकों की जान कांग्रेस नेताओं की सूझबूझ और समय पर मदद से बच गई। यह घटना मंगलवार देर शाम अमलाई-धनपुरी मार्ग पर त्रिमूर्ति किराए के पास रेलवे फाटक के समीप हुई, जब शुभम गुप्ता और गोविंद पटेल, दोनों निवासी टंका टोला, अमलाई, अपने वाहन से धनपुरी की ओर आ रहे थे। अचानक हुए हादसे में दोनों युवक सडक़ किनारे गंभीर रूप से घायल होकर पड़े रहे, लेकिन आसपास से गुजरने वाले लोग मदद करने से कतराते रहे।

इसी बीच, संयोग से वहां पास ही युवक कांग्रेस नेता अंकित सिंह अपनी टीम के साथ मौजूद थे। जैसे ही उन्हें हादसे की सूचना मिली, वे तत्काल मौके पर पहुंचे। बिना देर किए अंकित सिंह ने अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर घायल युवकों को उठाया और तत्काल ऑटो से केंद्रीय चिकित्सालय धनपुरी पहुंचाया, जहां उनका इलाज शुरू किया गया। समय पर इलाज मिलने से दोनों युवकों की जान बच सकी। अंकित सिंह के साथ उस वक्त नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सत्यकाम विक्की पटेल, जिला उपाध्यक्ष यूका आरिफ अफरीदी, आदिवासी युवा नेता प्रदीप रावत, जिला महासचिव निक्की तिवारी, महासचिव विनय रजक, सूरज महोबिया, पवन यादव, आदिल खान, मोहन, बंटी महतो और विशाल पनिका सहित कई कार्यकर्ता मौके पर सक्रिय रहे। इन सभी ने मिलकर न केवल घायल युवकों की मदद की, बल्कि पुलिस को भी सूचना देकर पूरे मामले की जानकारी दी, जिससे आगे की कार्रवाई समय पर हो सकी। घटना के बाद क्षेत्र में कांग्रेस नेताओं की इस तत्परता और मानवता की भावना की सराहना हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि जब आसपास



मौजूद कई लोग घायल युवकों की मदद करने से हिचकिचा रहे थे, तब कांग्रेस नेताओं ने आगे बढक़र इंसानियत की मिसाल पेश की। युवा कांग्रेस नेता अंकित सिंह ने कहा हमारी प्राथमिकता इंसान की जान है। राजनीति सेवा का माध्यम है, और किसी की जान बचाना सबसे बड़ा धर्म है। धनपुरी क्षेत्र में इस घटना ने एक सकारात्मक संदेश दिया है कि समाज में जब भी कोई संकट की स्थिति आए, तो राजनीतिक दलों से परे इंसानियत को प्राथमिकता देना ही सच्ची सेवा है। कांग्रेस की यह टीम न केवल युवाओं के बीच प्रेरणा बनी है, बल्कि प्रशासन को भी एक उदाहरण दिया है कि जनसेवा केवल मंचों पर नहीं, बल्कि ऐसे मुश्किल वक्त में दिखाई देती है। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित किया है कि अगर समाज के जिम्मेदार लोग आगे आएं, तो कोई भी हादसा बड़ा नहीं होता और न ही कोई इंसान असहाय रह जाता है।



# गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

सिख समाज द्वारा गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकाली जा रही है। प्रकाश पर्व को लेकर गुरुद्वारे से सुबह पांच बजे से प्रभातफेरी निकाली जा रही है। पहली प्रभातफेरी अमृत बेला परिवार के द्वारा मुखर्जी चौक बस स्टैंड पुरानी बस्ती जकीरा चौक होते हुए गुरूद्वारा में पहुंची। प्रभातफेरी सुबह 5 बजे निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में छोटे-छोटे बच्चों सहित महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। प्रभातफेरी के नगर में पहुंचने पर समाजजनों ने भव्य स्वागत किया, इसके बाद प्रभातफेरी वापस गुरुद्वारे पहुंची जहां अरदास कर प्रसाद वितरण किया गया। हर साल गुरु नानक जयंती को प्रकाश पर्व या गुरुपर्व के रूप में मनाया जाता है। यह सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी का जन्मदिवस है। इस साल गुरु नानक देव की 556वीं जयंती मनाई जा रही है। सिख एवं सिंधी समुदाय के लोग इसे बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाते हैं। आज सुबह भव्य रूप से प्रभात फेरी निकाली जायेगी। उसके बाद प्रसाद लंगर का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## पॉवर इंजिनियर्स एवं एम्प्लाइज एसोसिएशन ने व्यक्त किया ऊर्जा मंत्री का आभार

# फ्रिन्ज बेनिफिट्स पुनरीक्षित होने पर जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज चचाई।

पॉवर इंजिनियर्स एवं एम्प्लाइज ऐसोसिएशन द्वारा विगत कई वर्षों से फ्रिन्ज बेनिफिट्स पुनरीक्षित किये जाने की मांग की जा रही थी भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर के नेतृत्व में संगठन के महासचिव अजय कुमार मिश्रा द्वारा विभिन्न बैठकों के माध्यम से ऊर्जा मंत्री एवं प्रमुख सचिव ऊर्जा/अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा के समक्ष फ्रीन्ज बेनिफिट्स (रात्रि पाली भत्ता, जोखिम भत्ता, यात्रा भत्ता, सी. आफ. का भुगतान सातवे वेतनमान से किये जाने, कम्पन्सेटरी अलाउन्स इत्यादि) पुनरीक्षित किये जाने की मांग रखी जा रही थी, ऊर्जा मंत्री द्वारा संगठन को कई बार आश्वासित भी किया जा रहा था की इस मामले पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन



है एवं इसका समाधान अवश्य किया जायेगा, संगठन द्वारा इस मामले में विभिन्न पत्रों के माध्यम से भी ऊर्जा विभाग को अवगत कराया गया था। 26 अगस्त 2025 को भोपाल में मुख्यमंत्री को संगठन द्वारा मांग पत्र प्रेषित कर इस मामले के शीघ्र निराकरण हेतु निवेदन भी किया गया था, मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री द्वारा विद्युत कम्पनियों के अधिकारियों कर्मचारियों के हित में निर्णय लेते हुए वर्षों से लंबित फ्रीन्ज बेनिफिट्स को पुनरीक्षित करने का निर्णय लिया गया। इस सम्बन्ध में ऊर्जा मंत्री द्वारा म.प्र. के 70 वें स्थापना दिवस 1 नवम्बर पर अधिकारियों/कर्मचारियों के फ्रीन्ज बेनिफिट्स पुरीक्षिकरण की घोषणा की गई, इसके लिए पॉवर इंजिनियर्स एवं एम्प्लाइज एसोशिएसन ने मुख्यमंत्री ऊर्जा मंत्री एवं भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है तथा विद्युत कम्पनियों के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई प्रेषित किया है।

# भालूमाड़ा पुलिस ने स्कूल में छात्रों को दी ऑपरेशन मुस्कान और साइबर क्राइम की जानकारी



हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ सिंह मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य के मार्गदर्शन में भालूमाड़ा थाना प्रभारी उप निरीक्षक विपुल शुक्ला द्वारा अपने पुलिस स्टाफ के साथ हायर सेकेंडरी स्कूल जमुना कॉलरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों को शासन द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान की जानकारी दी गई, जिसका उद्देश्य लापता बच्चों को खोजकर सुरक्षित घर पहुंचाना है। साथ ही बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए गए। पुलिस टीम ने छात्रों को मोबाइल और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, फर्जी कॉल, ओटीपी शेयरिंग और ऑनलाइन ठगी जैसे खतरों से सतर्क रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में थाना प्रभारी उप निरीक्षक विपुल शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक चंदहास बाधेकर और प्रधान आरक्षक कृपाल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। भालूमाड़ा पुलिस द्वारा ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि बच्चे और युवा साइबर अपराधों से सुरक्षित रह सकें और समाज में जागरूक नागरिक के रूप में आगे बढ़ें।

## पड़ोसी की प्रताड़ना से त्रस्त बुजुर्ग

# तंत्र-मंत्र और धमकियों से मकान तोड़ने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।

जमुना परासी रोड पर पिछले 25 वर्षों से निवास कर रहे बुजुर्ग अरुण दत्त इन दिनों अपने ही पड़ोसी रामगोपाल चौधरी की प्रताड़ना से परेशान हैं। अरुण दत्त कई वर्षों से अगरबत्ती बेचकर अपने परिवार का गुजर-बसर करते हैं, परंतु उनके शांत जीवन को पड़ोसी की हरकतों ने दूभर कर दिया है। जानकारी के अनुसार, रामगोपाल चौधरी द्वारा अरुण दत्त के घर की दीवार पर मवेशियों का मल-मूत्र फेंका जाता है। साथ ही, रातभर तांत्रिक विद्या के नाम पर तेज आवाज में गाने-बजाने से माहौल अशांत रहता है, जिससे न केवल बुजुर्ग बल्कि उनकी बहू भी परेशान है। बताया गया कि रामगोपाल चौधरी पूर्व में राठौर दफाई जमुना कॉलोनी में रहता था और यहां आने के बाद से ही अरुण



दत्त को परेशान कर मकान खाली कराने की कोशिश में लगा है। शिकायत पर भालूमाड़ा थाना पुलिस द्वारा पूर्व में समझाइश दी जा चुकी है, किंतु इसके बावजूद आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पीड़ित ने प्रशासन से न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है, वहीं स्थानीय लोगों ने भी मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थी द्वारा भालूमाडा थाने में लिखित दो बार आवेदन दिया रामगोपाल चौधरी द्वारा माफी नामा में हस्ताक्षर किया गया कि अब दोबारा ऐसा नहीं करूंगा लेकिन इसमें कोई सुधार नहीं हो रहा है जिसके वजह से पूरे पड़ोसी भी परेशान रहते हैं।

## विभिन्न स्तर के कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर कलेक्टर ने दिए निर्देश

# अप्रारंभ कार्य को जल्द से जल्द कराएं प्रारंभ-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

**कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में नगरीय निकाय द्वारा संचालित विकास योजनाएं अंतर्गत प्रारंभ, अप्रारंभ एवं प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर बारिश के कारण अप्रारंभ एवं रुके हुए कार्यों को जल्द से जल्द प्रारंभ करने तथा प्रगतिरत कार्यों में गति लाने तथा सभी कार्यों को शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।**



कलेक्टर ने नगरीय निकाय अंतर्गत निर्माणाधीन, मरम्मत योग्य सड़कों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि सभी नगरीय निकाय सड़क निर्माण के साथ ही विद्यालय, अस्पताल आदि के पास आवश्यक सुरक्षात्मक व्यवस्था जैसे सांकेतिक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर आदि की व्यवस्था किया जाए, जिससे विद्यालय के विद्यार्थी,आमजन को दुर्घटनाओं से सुरक्षा प्रदान की जा सके। साथ ही उन्होंने मरम्मत योग्य सड़क मार्ग में आवश्यक सुधार कार्य कराए जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमरकंटक को निर्देशित करते हुए कहा कि अमरकंटक के समग्र विकास के लिए आवश्यक है कि अमरकंटक में बेहतर सड़क, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो, जो अमरकंटक के पर्यटन विकास को और बढ़ावा दे। बैठक में कलेक्टर ने नगरीय निकाय अंतर्गत समस्त निर्माण कार्यों की जानकारी सिविल वर्क मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल में फीड करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक 15 दिवस में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर अपडेटेड फोटोग्राफ अनूपपुर सिविल वर्क मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करें। ताकि कार्यों के प्रगति की मॉनिटरिंग एवं कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं का निराकरण तत्परता से किया जा सके। बैठक में कलेक्टर ने नगरीय निकायों से मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना अंतर्गत स्वीकृत रोड मार्ग, अमृत 2.0 अंतर्गत पार्क, वॉटरबाडी, वाटर सप्लाई के निर्माणधीन कार्य, मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्य, विशेष नीति अंतर्गत स्वीकृत कार्य, विधायक निधि अंतर्गत स्वीकृत कार्य, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशानिर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर मिशन प्रबंधक (डूडा), नगरीय निकायों के इंजीनियर्स उपस्थित थे।

# बैकुंठ चतुर्दशी पर दीपदान के पहले नपा करवा रही सफाई

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

सोमवार को बैकुंठ चतुर्दशी एवं मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा पर केवई नदी के रपटा पुल स्थित घाट पर दीपदान करने पहुंचेगी जिसको लेकर नपा के द्वारा साफ सफाई करवाया जा रहा है साथ ही टेंट लगवाते हुए हाई मास्क लाइट एवं जगमग रोशनी की व्यवस्था की जा रही है। हिंदू धर्म में कार्तिक मास का विशेष महत्व है, कृष्ण पक्ष की प्रथम तिथि से शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि तक, हर दिन बहुत खास होता है। कार्तिक मास में बहुत से तीज, त्योहार और पर्व होते हैं, जिसका इंतजार देवता तक साल भर करते हैं। इन्हीं तीज त्योहारों में खास बैकुंठ चतुर्दशी का भी है, जिसका इंतजार न सिर्फ श्रद्धालु करते हैं, बल्कि देवता भी पूरे साल करते हैं। हर साल कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को बैकुंठ चतुर्दशी का पर्व मनाया जाता है, इसे हरी-हर मिलन भी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु हरी और महादेव हर एक साथ पूजे जाते हैं। बैकुंठ चतुर्दशी पर्व पर सोमवार को नगर के पंचायती मंदिर में सैकड़ो महिलाओं ने नदी जलाशयों में स्नान कर मंदिर पहुंचकर भगवान की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए बैंड बाजे के साथ उत्सव मनाया जिसका नजर मंदिर परिसर में देखते ही बन रहा था महिलाएं नाचते गाते उत्सव मना रही थी। कार्तिक मास की चतुर्दशी और पूर्णिमा पर हर साल हजारों महिलाएं पारंपरिक रूप से दीपदान के लिए केवई रपटा पुल पहुंचती हैं। शाम चार बजे से देर रात तक दीपदान का क्रम चलता है। सोमवार और मंगलवार को होने वाले दीपदान के दौरान नदी और अन्य जलाशयों की पर्यावरणीय सुरक्षा को देखते हुए श्रद्धालुओं से आटे से बने दीपकों का ही दान करने की अपील की है। आटे से बने दीपक परंपरा, पर्यावरण और जलीय जीव सभी के लिए सुरक्षित है।



खबर संक्षेप

## अमित बघेल के खिलाफ कार्रवाई के लिए सिंधी समाज ने सौंपा ज्ञापन



**ब्यौहारी।** नगर परिषद के अंतर्गत सिंधी समाज द्वारा रायपुर निवासी अमित बघेल द्वारा भी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल जो वरुण देव भगवान के अवतार हैं उनके विरुद्ध अपमानजनक बातें सोसल मीडिया में की गई उनको मछरी वाला देवता कहा गया सिंधियों को पाकिस्तानी कहा गया उक्त व्यक्ति के द्वारा की गई अशोभनीय बातों से आहत होकर में सिंधी समाज द्वारा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप कर उक्त व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है । ज्ञापन सौंपते समय सिंधी समाज के अध्यक्ष हरवक्स राय वश्शू, लकी पिंजनी रोशन नागपाल गिरधारी लाल बजाज, विकी पिंजानी चिरंजी लाल चंचलानी सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## सांड ने किया युवक को घायल



**ब्यौहारी**-नगर परिषद के अंतर्गत बैंड सुकली चौराहा में रात 8:30 बजे दो सांड आपस में लड़ रहे थे और लड़ते-लड़ते वहीं पर किनारे खड़े एक 14 वर्षीय बच्चे अमन कुमार गुप्ता पिता रामनाथ गुप्ता को धक्का देकर गिरा दिया गनीमत यह रही की ज्यादा चोट नहीं लगी लड़के के पिता बन सुगली चौराहा में ही ठेला लगाते हैं स्थानीय व्यापारियों ने मांग की है कि बेसहारा मवेशियों को पड़कर गौशाला में भेजा जाए जिससे बाजार में आने वाले ग्राहक एवं व्यापारी सुरक्षित रह सके।

## जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक 7 को

**कटनी।** जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा एवं अनुश्रवण किये जाने हेतु शुक्रवार 7 नवंबर को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित पूर्ण, प्रगतिरत एवं अप्रारम्भ योजनाओं, की समीक्षा, योजनाओं के हस्तांतरण पर चर्चा एवं शासन द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत दिए गए निर्देशो के परिपालन में चर्चा की जायेगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री ने जिला पंचायत सीईओ एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति के उपाध्यक्ष, वन मण्डलाधिकारी, म.प्र. पूर्व क्षेत्रीय वि.वि.लि. के अधीक्षण यंत्री, जिला चिकित्सा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग, जिला कृषि अधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग और कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## बिजली बिल बकायादारों के लिए समाधान योजना शुरू

**कटनी।** बिजली बिल के बकायादारों के लिए समाधान योजना 2025-26 शुरू की गई है। इसके अंतर्गत विलंबित बिल के भुगतान पर सरचार्ज में भारी छूट दी गयी है, जो 3 नवम्बर से 28 फरवरी, 2026 तक रहेगी। पहले चरण में 3 नवम्बर से 31 दिसम्बर तक 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत सरचार्ज माफ रहेगा। दूसरा चरण एक जनवरी से 28 फरवरी, 2026 तक होगा, जिसमें 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ रहेगा।

## विकसित प्रदेश बनाने में सहभागी बनने दिलाई शपथ

**कटनी।** शासकीय महाविद्यालय बरही में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे डॉ. अरविंद सिंह ने विद्यार्थियो को बताया कि मध्यप्रदेश में 70वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर तीन दिवसीय उत्सव मनाया जा रहा है।

# बुडवा उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्रेशाही

**ब्यौहारी।** विकासखंड के अंतर्गत बुढ़वा उपवास केंद्र में पदस्थ स्टाफ नर्स उषा बैस द्वारा मनमानी तरीके से कार्य किया जा रहा है मरीज ने बताया कि अपनी ड्यूटी टाइम में अस्पताल में नहीं रहती बल्कि अपने आवास जहां पर उनका मेडिकल स्टोर खुला है वहां पर रहती है जब कर्मचारी बुलाने जाता है तब जाती हैं उसके बाद फिर आ जाती है इस तरह से मरीजों को परेशान होना पड़ता है कोई यदि शिकायत करता है तो उसको झूठे मामले में फंसा दिया जाता है , कई सालों से पदस्थ हैं अस्पताल बदहाल स्थिति में कई सालों से अस्पताल की पुताई तक नहीं हुई है इसके अलावा डिलीवरी में आने वाली महिलाओं को सही ढंग से ना समझा कर यह कहती है कि यहां पर सही डिलीवरी ना हो पाएगी बाहर ले जाओ ऑपरेशन कराना पड़ेगा अपने क्लीनिक में भी उपचार करती है क्षेत्र के लोगों ने कलेक्टर से स्टाफ नर्स के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।



## मिलावट खोरी हुई तो दर्ज करें शिकायत

**बिरसिहपुर पाली।** अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन जिला इकाई उमरिया जिला अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने, वर्धमान हॉस्पिटल कटनी जिला आयोग के फैसले का स्वागत किया, श्री अग्रवाल ने कहा कि आयोग का ये फैसला न्याय मिलने के साथ साथ समाज में एक मैसेज है कि जो लोग राजनीत पावर या पैसे को सब मानते है उन्हें न्यायालय के इस फैसले को देखना चाहिए कि न्यायालय स्वतंत्र है, उसमें की दवाब नहीं । अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि आज पेट्रोल और गैस उपभोक्ता को लूट रहे है, पेट्रोल में भरी मिलावट चल रही है, जिसे उपभोक्ताओं की गाड़िया लागतार खराब हो रही है, उपभोक्ता को ये मालूम ही नहीं कि शिकायत कहा करे, गैस एजेंसियों के द्वारा गैस डिलेवरी शुल्क एवं अन्य सामग्री जबरजस्ती दी जाती है ।अभिषेक अग्रवाल ने स्पष्ट कहा कि इस प्रकार उपभोक्ता यदि स्वयं को ठगा महसूस करता है तो सही न्याय के लिए इसकी शिकायत जिला उपयोक्ता आयोग या टोल फ्री नंबर 1800 11 4000 पर जरूर करे । जागरूक होइए और अपने ऊपर हुए ठगी की आवाज उठाए ।

अध्यक्ष के आदेशों की अनदेखी

# वार्ड 15 में ठेकेदार करा रहा घटिया निर्माण, नागरिकों ने जताया आक्रोश

**शहडोल।** जिले की नगर परिषद जयसिंहनगर के वार्ड क्रमांक 15 में सीसी रोड निर्माण कार्य पर विवाद गहराता जा रहा है। अनन्या कंस्ट्रक्शन फर्म द्वारा किए जा रहे इस निर्माण को लेकर स्थानीय निवासियों ने ठेकेदार पर घटिया सामग्री उपयोग करने और अध्यक्ष के निर्देशों की खुलेआम अवहेलना करने के आरोप लगाए हैं।



सूत्रों के अनुसार, कॉलेज मार्ग को जोडने वाली लगभग 80 मीटर लंबी सडक़ का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन साइट पर न तो मापदंडों का पालन किया जा रहा है, न ही गुणवत्ता की निगरानी। ठेकेदार द्वारा ओवरसाइज गिट्टी और कम दर्जे के सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे सडक़ की ऊपरी परत कमजोर बन रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ ही महीनों में यह सडक़ दरक जाएगी और पूरी तरह टूट जाएगी।

वार्डवासियों ने नगर परिषद अध्यक्ष सुशीला शुक्ला से शिकायत की थी। उन्होंने तुरंत ठेकेदार को निर्देश दिया कि कार्य मानक अनुसार और गुणवत्तापूर्ण हो, अन्यथा काम रोका जाए, लेकिन फर्म संचालक अतुल गुप्ता ने अध्यक्ष के निर्देशों की परवाह किए बिना मनमाने तरीके से काम जारी रखा है। सबसे हैरानी की बात यह है कि अब तक कार्य स्थल पर नगर परिषद के उपयंत्री की मौजूदगी नहीं देखी गई, जिससे निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि उपयंत्री की अनुपस्थिति से निर्माण की गुणवत्ता पूरी तरह ठेकेदार के भरोसे है।

नगर परिषद अध्यक्ष सुशीला शुक्ला ने कहा कि नगर में किसी भी प्रकार का घटिया निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई तय है। वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशांत सिंह ठाकुर ने बताया कि कार्य स्थल की जांच के लिए उपयंत्री को भेजा जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वार्डवासियों ने मांग की है कि सीसी रोड का कार्य उपयंत्री की निगरानी में दोबारा कराया जाए ताकि सडक़ टिकाऊ और गुणवत्तायुक्त बने।



## जनजातीय गौरव पखवाड़ा में रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**शहडोल।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जिले में जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा 1 से 15 नवंबर तक उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस दौरान जनजातीय नायकों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को याद किया जा रहा है। पखवाड़े के तहत माता सबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर बुढ़ार, माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर सोहागपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करकी सहित कई विद्यालयों में रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने जनजातीय समाज की संस्कृति, प्रकृति प्रेम, पर्यावरण संरक्षण तथा जल, जंगल और जमीन की रक्षा से जुड़ी थीम पर आकर्षक चित्र एवं रंगोलियां बनाईं।कार्यक्रमों में शिक्षकों ने भगवान बिरसा मुंडा, तांत्या भील, रानी दुर्गावती, शंकर शाह, रघुनाथ शाह, भीमा नायक और वीर नारायण सिंह जैसे महान जननायकों के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन नायकों के संघर्ष और बलिदान से हमें अपनी संस्कृति की रक्षा, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की भावना को जीवित रखने की प्रेरणा मिलती है।जनजातीय गौरव पखवाड़ा के दौरान जिलेभर में विविध सांस्कृतिक, शैक्षणिक और जनजागरण कार्यक्रमों का आयोजन जारी है।

## विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी रंगारंग प्रस्तुति



**शहडोल।** जिले में मध्यप्रदेश के 70वां स्थापना दिवस उत्साह, उमंग, गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयो के विद्यार्थियो द्वारा विविध कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला में संभागीय मुख्यालय के जिला महिला समिति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल के विद्यार्थियो द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में देश भक्ति गीतो पर आधारित कार्यक्रमो की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जलेबी दौड,कुर्सी, रंगोली, दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया एवं प्रतियोगिता के प्रतिभागियो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सचिव महिला समिति श्रीमती संगीता दुबे, उमा, सपना सक्सेना, हेमू, राखी शर्मा, गायत्री, वासुदेव, सुनीता,स्वर्णिमा, सुभद्रा सिंह, संगीता शुक्ला सहित विद्यालय के प्राचार्य एवं काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## आज झूलेलाल मंदिर से निकलेगी विशाल रैली

**अमित बघेल के विवादित बयान के विरोध में सिंधी समाज का आक्रोश**



**शहडोल।** भगवान झूलेलाल के प्रति अभद्र टिप्पणी करने वाले अमित बघेल के खिलाफ सिंधी समाज में तीव्र रोष व्याप्त है। समाज ने इसे अपनी आस्था और मर्यादा पर हमला बताया है। इसी के विरोध में सिंधी समाज शहडोल द्वारा आज 5 नवंबर की शाम 5 बजे एक विशाल विरोध रैली निकाली जाएगी। रैली का प्रारंभ झूलेलाल मंदिर से होगा, जो इंदिरा चौक, गुरु नानक चौक, न्यू गांधी चौक से होती हुई मोहन राम तालाब तक जाएगी। मोहन तालाब स्थित झूलेलाल द्वारे पर श्रद्धालु जल देवता को दीप अर्पित कर अरदास करेंगे कि भगवान झूलेलाल ऐसे अमर्यादित बयान देने वालों को उचित दंड दें।समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि इस रैली में शामिल होंगे। सिंधी समाज ने सर्वसम्मति से मांग की है कि अमित बघेल सार्वजनिक रूप से माफी मांगे और झूलेलाल मंदिर जाकर अपने कथन के लिए पश्चाताप व्यक्त करें। सिंधी समाज ने जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस असहनीय अपमान के विरोध में एकजुटता और आस्था का परिचय दें।

## जनजातीय गौरव दिवस पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने, स्वतंत्रता संग्राम और सांस्कृतिक विरासत में उनके योगदान को याद करने तथा जनजातीय क्षेत्रों के सामाजिक-अर्थिक विकास को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से हर वर्ष 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने प्रतिदिन आयोजित होने वाली गतिविधियों और संबंधित विभागों को सौंपे गये दायित्व की कार्यक्रम सारणी जारी किया है। साथ ही, कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी संबंधित विभागों को सहभागिता सुनिश्चित करते हुये इन गतिविधियों में जनप्रतिधिनियों, जनजातीय समुदाय के मुखिया, जनजातीय शिल्पकार, कलाकार, खिलाड़ियों तथा गैर-शासकीय संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं।

जारी कार्यक्रम के अनुसार गोंड जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में 10 नवंबर तक मड़ई एवं अन्य धार्मिक आयोजन किये जायेंगे। समस्त हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल, विशिष्ट आवासीय विद्यालयों एवं कॉलेजों में 4 नवंबर को म.प्र. के समृद्ध जनजातीय इतिहास तथा स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर आधारित क्विज आयोजित किया जाएगा। वहीं 5 नवंबर को जिला विकासखंड एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय मे क्षेत्र विशेष में प्रचलित जनजातीय गायन, वादन एवं नृत्य पर आधारित लोकगीत एवं लोकनृत्य आयोजित किये जायेंगे।

इसी प्रकार 6 नवंबर को जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय में लौह शिल्प, बांस शिल्प, काष्ठ शिल्प, मुखौटा कला, मांडना, मिट्टी की सामग्री से बनी शिल्पकालाओं का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जायेगा। 7 नवंबर को जिला एवं विकासखंड मुख्यालय में जनजातीय व्यंजनों का प्रदर्शन तथा प्रचार-प्रसार किया जाएगा। 8 नवंबर को जिला, विकासखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर जनजातीय विरासत एवं महानायकों के जीवन चरित्र पर नाटक का मंचन एवं 9 नवंबर को जनजातीय कला पर आधारित रंगोली, मेंहदी से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

समस्त हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल, विशिष्ट आवासीय विद्यालयों एवं कॉलेजों में 8 से 10 नवंबर तक विभिन्न खेल विधाओं में जनजातीय प्रतिभाओं का चिन्हांकन एवं पुरस्कार वितरण किया जायेगा।

प्रतिदिन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के शेड्यूल की मांगी जानकारी

## निगमायुक्त ने मेला आयोजन स्थल की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



निगम प्रशासन द्वारा 5 नवंबर से 9 नवंबर तक आयोजित होने वाले श्री बजरंग कटाये घाट मेला 2025 के आयोजन की पूर्व तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार नें सोमवार शाम निगम अधिकारियों कर्मचारियों के साथ मेला आयोजन स्थल कटाये घाट पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने भव्य मेला आयोजन की समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार नें मेला स्थल पर निर्धारित ले-आउट अनुसार स्टेज, पंडाल स्थल, डेकोरेशन, विज्ञान प्रदर्शनी हेतु आवंटित 16 स्टॉल स्थल, शासकीय योजनाओं की प्रदर्शनी के स्थल, खेलकूद गतिविधियों खो-खो वॉलीबॉल एवं दंगल के आयोजन स्थल के साथ पार्किंग व्यवस्था हेतु चिन्हित स्थल का पैदल निरीक्षण कर पार्किंग की समुचित व्यवस्था करानें के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त सुश्री परिहार नें मेला प्रांगण में दुकानों के आवंटन हेतु चयनित स्थल, दुकानों के निर्धारित साईज एवं आवंटित की जा दुकानों की जानकारी ली तथा शेष स्थलों पर लगने वाली दुकानों पर पूर्व से चूने की लाइनिंग का कार्य कराने के निर्देश राजस्व विभाग को दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने उपस्थित अधिकारियों से मेला में रोजाना आयोजित होनें वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं उनमें सहभागिता करने वाले नगर के स्कूलों की जानकारी ली। जिस पर स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने पर निगमायुक्त द्वारा असंतोष व्यक्त किया जाकर रोजाना आयोजित होनें सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी के शेड्यूल के साथ मंगलवार प्रातः पुनः मेला मेला पर उपस्थित रहने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान मेला स्थल पर लगने वाले झूलों के संबंध में जानकारी ली तथा सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए झूले लगने के पूर्व एवं पश्चात उनकी सेफ्टी का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के साथ ही विगत वर्ष मेला में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की सूची एवं उन पर हुए व्यय की मदवार जानकारी से भी अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

बहोरीबंद पुलिस ने स्कूल में जाकर विद्यार्थियों को दी महत्वपूर्ण जानकारियां

# हर चुनौतियों का करें मुकाबला, शोहदों को दे मुँह तोड़ जवाब, घटना को छिपाएं नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार 1 नवंबर से 30 नवंबर तक मुस्कान विशेष अभियान संचालित किया जा रहा हैं!इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी सुनिश्चित करना तथा स्कूलों मै छात्र - छात्राओं को महिला सुरक्षा, बाल विवाह, पास्को एक्ट, सायबर अपराध एवं सामाजिक दुष्प्रवृत्तियों से बचाव हेतु जागरूक करना हैं।

### गुड व बैड टच बताया

इसी क्रम अभियान के तहत बहोरीबंद के पाठशाला इंग्लिश मीडियम स्कूल बहोरीबंद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया के द्वारा विद्यार्थियों को गुड टच – बैड टच की जानकारी दी गई एवं 'कोमल' शॉर्ट फिल्म के माध्यम से सुरक्षा संबंधी व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बाल विवाह, पॉक्सो अधिनियम, सायबर अपराध, सोशल मीडिया पर अनुचित सामग्री साझा करने के दुष्परिणाम एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया गया।

### बताए हेल्पलाइन नंबर

बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या या शोषण की स्थिति में डायल-112, महिला हेल्पलाइन 1090 तथा बाल सहायता हेल्पलाइन 1098 पर तत्काल संपर्क करने की जानकारी दी।


### तत्काल करें विरोध

साथ ही एसडीओपी ने छात्राओं को जागरूक करते हुये कहा कि जब भी आपके साथ कोई किसी भी प्रकार की घटना के लिए दुस्साहस करता है तो तत्काल विरोध करें। यदि रास्ते मे,बाजार मे वाहन मैं कोई छेड़छाड़ करता है तो तत्काल शोर मचाये, आसपास के लोगो को बताये। घटना को दबाए नही ताकि समय रहते उनके नापाक हौसलों को पस्त किया जा सके। इस दौरान स्कूल स्टाफ व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।



## खबर संक्षेप

### अमरकंटक में वनों की सुरक्षा के लिए साधु-संत व नागरिक लामबंद




**अनूपपुर।** पवित्र नगरी अमरकंटक के साधु-संत, समाजसेवी, पत्रकार, राजनीतिक प्रतिनिधि एवं व्यवसायिक वर्ग अब एकजुट होकर साल बोरर कीड़े के प्रकोप से वनों को बचाने की मुहिम के लिए आगे आए हैं। पिछले कुछ महीनों में साल के हजारों वृक्ष इस कीट के संक्रमण से सूख रहे हैं, जिससे अमरकंटक के प्राकृतिक संतुलन, जल स्त्रोतों और पर्यावरण पर गंभीर संकट मंडराने लगा है। वनों की इस भयावह स्थिति को देखते हुए स्थानीय समाज ने वन संरक्षण एवं जनजागरण अभियान प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। अभियान का उद्देश्य प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करना और आमजन को वृक्षों के संरक्षण हेतु प्रेरित करना है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, साधु-संतों एवं समाजसेवियों ने जिला प्रशासन एवं वन विभाग से आग्रह किया है कि अमरकंटक के साल वनों की सुरक्षा के लिए त्वरित प्रभाव से कार्रवाई की जाए और संक्रमित क्षेत्रों में उपचारात्मक कार्यवाही प्रारंभ की जाए। अमरकंटक के नागरिकों, व्यवसायियों और पर्यावरण प्रेमियों से अपील की गई है कि वे वनों की सुरक्षा के इस अभियान में सहयोग करें। अमरकंटक आने वाले सभी श्रद्धालु एवं पर्यटक पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझें, प्लास्टिक का उपयोग न करें, वृक्षारोपण को बढ़ावा दें और स्वच्छता बनाए रखने में योगदान दें।

### अमरकंटक की पावन भूमि से हरियाणा के श्रद्धालु हुए अभिभूत



**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में हरियाणा राज्य के ग्राम मुनरेडी, पोस्ट रामपुर ससेडी, अंबाला कैंट, मेश नगर थाना क्षेत्र से आठ श्रद्धालुओं का दल पहुंचा। दल में नेव सिंह, छल्लू राम, सुरेंद्र पाल सिंह, कुंदन, प्रदीप मनी, प्रहलाद सिंह, गुलाब सिंह और सरदार परविंदर सिंह शामिल थे। श्रद्धालु दल ने शांति कुटी के सामने साप्ताहिक बाजार मुख्य मार्ग पर गरीब जनों और भक्तिभाव से आए तीर्थयात्रियों को भोजन भंडारा बुलाकर कराया। भंडारे में सेवा, श्रद्धा और भक्ति का सुंदर संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक सभी को ऋतु फल एवं दक्षिणा देकर सम्मानित किया, और मां नर्मदा जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। हरियाणा से यह दल 27 अक्टूबर को अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर निकला था, जो अब तक मथुरा-वृंदावन, उज्जैन, चित्रकूट, मैहर जैसे पवित्र तीर्थों का दर्शन करता हुआ छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के रतनपुर महामाया मंदिर, शिवरीनारायण और भगवान जगन्नाथ पुरी के दर्शन हेतु रवाना हो गया है। अमरकंटक प्रवास के दौरान श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा उद्गम तीर्थ में पुण्यशाला में स्नान कर पवित्र डुबकी लगाई, तर्पण किया और नर्मदा मंदिर, कपिलधारा, दुग्धधारा, सोनमूड़ा सहित अन्य दिव्य स्थलों का दर्शन-भ्रमण किया। दल के सदस्यों ने कहा कि मां नर्मदा की पावन धरती पर सेवा और साधना का अवसर मिलना उनके जीवन का अमूल्य पुण्य है। श्रद्धालु दल ने बताया कि उन्हें अमरकंटक की शांति, आध्यात्मिक वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य ने गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने घोषणा की कि भविष्य में वे पुनः अपने परिवारजनों, रिश्तेदारों और समाज के लोगों को लेकर अमरकंटक आएंगे, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु मां नर्मदा की इस पवित्र भूमि का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर सकें।

### नारायण स्वरूप दुबे का निधन



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** स्वास्थ्य विभाग में सेवारत नारायण स्वरूप दुबे का 58 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया।उनके निधन पर सर्वत्र शोक व्याप्त हो गया। स्वास्थ्य विभाग सहित नगर के नागरिकों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की एवं ईश्वर से प्रार्थना की कि ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें।

## शिकायतें तो कई बार हुईं, मगर कार्रवाई हर बार फाइलों में हो गई दफन

# तरंग में युवराज के 'अवैध' साम्राज्य को प्रशासन ने किया जमींदोज

### मेंसर्स ओम साईं कंस्ट्रक्शन पर चला प्रशासन का चाबुक

जिले के पुष्पराजगढ़ तहसील अंतर्गत तरंग गांव में मेसर्स ओम साईं कंस्ट्रक्शन का गोरखधंधा आखिरकार उजागर हो गया है। जहां अनुमति थी वहां एक इंच मिट्टी नहीं छुआ और जहां मना था वहां पहाड़ उजाड़ दिए गए। खनिज और राजस्व विभाग की संयुक्त कार्यवाही में खुलासा हुआ कि युवराज नायक की यह फर्म वर्षों से नियमों को धता बताकर चल रही थी।

*हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/राजेन्द्रग्राम।*





मेसर्स ओम साईं कंस्ट्रक्शन की कहानी प्रशासनिक लापरवाही और अवैध कमाई की ऐसी मिसाल बन चुकी थी, जो खनिज विभाग की नाक तले कई सालों से फल-फूल रही थी। खसरा नंबर 504/2 रखवा, 2 हेक्टेयर निजी भूमि पर उत्खनन की अनुमति थी, मगर खेल कहीं और खेल जा रहा था। जहां नियम नहीं वहां खुदाई हुई जहां क्रेशर लगने की अनुमति नहीं थी, वहां क्रेशर चल रहा था। राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम जब मौके पर पहुंची, तो खुलासा हुआ कि असली खदान तो अनुमति क्षेत्र से दूर संचालित की जा रही थी। खदान और क्रेशर को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

### अनुमति कहीं की, उत्खनन कहीं और

जांच में सामने आया कि फर्म को खसरा नंबर 504/2 रखवा की 2 हेक्टेयर भूमि पर कार्य की अनुमति दी गई थी, लेकिन युवराज नायक ने नियमों की धज्जियां उड़ाकर दूसरे खसरे में उत्खनन कराया। प्रशासनिक रिकॉर्ड में अनुमति क्षेत्र खाली पड़ा था, जबकि मशीनें प्रतिबंधित इलाके में चल रही थीं। इस हेराफेरी ने साफ कर दिया कि सारा खेल लाइसेंस के नाम पर अवैध उत्खनन का था, जिसे अब खनिज और राजस्व टीम ने पकड़ लिया है।

### खनिज व राजस्व की संयुक्त कार्यवाही

खनिज अधिकारी और तहसील प्रशासन ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की है। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने पाया कि क्षेत्र में न केवल अवैध उत्खनन हो रहा था, बल्कि अवैध क्रेशर भी संचालित था। मौके पर मशीनें, डंपर और क्रेशर की गतिविधियां जारी थीं। तुरंत प्रभाव से समस्त मशीनरी को जब्त कर संचालन पर रोक लगा दी गई है। जांच रिपोर्ट जिला मुख्यालय भेजी गई है और आगे जुर्माना व मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह खेल नया नहीं है। मेंसर्स ओम साईं कंस्ट्रक्शन वर्षों से नियमों को ताक पर रखकर अवैध खनन करता आ रहा था। शिकायतें कई बार हुईं, मगर कार्रवाई हर बार फाइलों में दबी रही है। अब जब संयुक्त टीम ने दस्तावेज़ और जमीन दोनों की सच्चाई को परखा, तो असली चेहरा सामने आ गया है। प्रशासन ने माना कि वर्षों से विभाग की नाक के नीचे यह अवैध कारोबार फलता-फूलता रहा।

### पर्यावरण की उड़ी धज्जियां

तरंग क्षेत्र में अवैध खनन और क्रेशर संचालन ने पर्यावरण को गहरी चोट पहुंचाई है। लगातार उड़ती धूल, पेड़ों की कटाई और पहाड़ियों का क्षरण क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र को तबाह कर चुका है। ग्रामीण सांस तक नहीं ले पा रहे और जलस्रोत सूखने की कगार पर हैं। प्रशासन ने फिलहाल साइट को सील कर दिया है और पर्यावरण विभाग से रिपोर्ट तलब की है ताकि नुकसान का आंकलन किया जा सके।

### इनका कहना है

खनिज और राजस्व की टीम निरीक्षण में गई थी मौके पर जिस स्थल पर क्रेशर होना चाहिए उसकी जगह अन्य खसरा नंबर पर क्रेशर और खदान संचालित पाया गया जिसका प्रकरण बना कर जिला कार्यालय को भेज दिया गया है।

**वसीम भट्ट, आईएएस**
**अनुविभागीय दंडाधिकारी पुष्पराजगढ़**

## अब और अधिक सुरक्षित व पारदर्शी होगी डाक विभाग की सेवा

# बदले नियम के तहत डिलीवरी के दौरान बताना होगा ओटीपी

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** अब निजी कुरियर सेवाओं जैसी तेज व भरोसेमंद सेवा मिलेगी। भारतीय डाक विभाग में अब स्पीड पोस्ट की डिलीवरी के समय व ग्राहक को ओटीपी बताना होगा। डाक विभाग ने अपनी सेवा को और अधिक सुरक्षित, पारदर्शी व आधुनिक बनाने के लिए यह कदम उठाया है। अक्तूबर माह से लागू नयी व्यवस्था के तहत अब ग्राहक को कई डिजिटल सुविधाएं एक साथ मिलेंगी। इनमें ओटीपी आधारित डिलीवरी, ऑनलाइन भुगतान, वास्तविक समय में ट्रैकिंग, एसएमएस/ई-मेल द्वारा डिलीवरी की जानकारी व पार्सल पंजीकरण की सुविधाएं शामिल हैं। डाक मंडल ने भी इन नयी सुविधाओं को लागू कर दिया है। ऐसे में लोगों को डाकघर में भी अब निजी कुरियर सेवाओं जैसी तेज व भरोसेमंद सुविधा मिलेगी।

### आधुनिक और डिजिटल होगी डाक सेवा

डाक विभाग ने स्पीड पोस्ट सेवा को तकनीकी रूप से उन्नत बनाने व निजी कुरियर कंपनियों से प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए यह बदलाव किया है। इन डिजिटल सेवाओं के माध्यम से पार्सल व दस्तावेजों की डिलीवरी अब और अधिक विश्वसनीय व पारदर्शी होगी। शुल्क संरचना में भी किया गया संशोधन डाक विभाग ने एक अक्तूबर से स्पीड पोस्ट की दरों में भी बदलाव किया है। 50 ग्राम तक की स्थानीय दर 19 रुपये तय की गयी है। वहीं 200 से 2000 किलोमीटर दूरी तक के लिए 47 रुपये शुल्क देना होगा। 51 से 250 ग्राम तक की स्थानीय दर 24 रुपये और दो सौ से दो हजार किलोमीटर दूरी के लिए 59 रुपये से 77 रुपये तक शुल्क है। जबकि 251 से 500 ग्राम श्रेणी में स्थानीय दर 28 रुपये और दूरी के अनुसार 70 से 93 रुपये तक शुल्क निर्धारित किया गया है। सभी श्रेणियों पर जीएसटी अतिरिक्त देय होगा। नयी व्यवस्था के तहत ओटीपी डिलीवरी व पंजीकरण सेवा के लिए हर स्पीड पोस्ट आइटम पर पांच रुपये अतिरिक्त शुल्क व जीएसटी लिया जायेगा। यह सुविधा केवल प्राप्तकर्ता या उसके अधिकृत व्यक्ति को ही उपलब्ध होगी। ज्ञात हो कि पिछली बार शुल्क संशोधन वर्ष 2012 में किया गया था, अब लगभग 13 साल बाद डिजिटल सेवाओं के साथ नयी दरें लागू की गयी हैं।

## राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

# मंत्री समेत कलेक्टर व समाजसेवियों ने सामाजिक उत्तरदायित्व का कराया बोध

### सकारात्मक पत्रकारिता पर अतिथियों ने रखे अपने विचार

*हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।*



राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद अनूपपुर द्वारा बंकिम विहार जमुना मे आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह में जिले के कलेक्टर एवं मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्राम उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने पत्रकारों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकार समाज की आँख और आवाज हैं, जो सच्चाई को उजागर कर जनहित का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कार्यक्रम के अतिथि कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इसकी विश्वसनीयता निष्पक्ष, निडर और जिम्मेदार रिपोर्टिंग पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि प्रशासन हमेशा सकारात्मक और रचनात्मक पत्रकारिता का स्वागत करता है, क्योंकि यही शासन और जनता के बीच मजबूत सेतु का कार्य करती है। कलेक्टर ने ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में कार्यरत पत्रकारों की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी समाज के सच्चे प्रहरी हैं, जो बिना संसाधनों के भी जनहित के लिए निरंतर कार्यरत रहते हैं। इस अवसर पर मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि पत्रकार समाज को सच दिखाने वाला आईना है। उन्होंने कहा, पत्रकारिता केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व है। जब यह जिम्मेदारी ईमानदारी और निष्पक्षता से निभाई जाती है, तब समाज में सकारात्मक बदलाव की लहर उठती है। वरिष्ठ पत्रकारों और समाजसेवियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल पत्रकारों के मनोबल को बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में रचनात्मक संवाद और जिम्मेदार पत्रकारिता को भी नई दिशा देते हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए ठोस नीतियों की आवश्यकता है, ताकि वे निर्भीक होकर सच्चाई को समाज के सामने रख सकें। कार्यक्रम का समापन समाज के सशक्तीकरण और पत्रकारिता के उत्थान के संकल्प के साथ हुआ।

### उत्कृष्ट कार्यो के लिए पुलिस कर्मी हुये सम्मानित

राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद अनूपपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय अनूपपुर में कार्यरत 9 प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक को सम्मानित किया गया। जहां कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्राम उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले पुलिस कर्मियों में सायबर सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक राजेन्द्र अहिरवार को साइबर अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी में उत्कृष्ट कार्य करने पर, सहायक, सेवा पुस्तिका शाखा प्रधान आरक्षक कुंवर सिंह को ईएचएमआरएस सॉफ्टवेयर में डिजिटल सेवा पुस्तिका अपलोड़ कराने के उत्कृष्ट कार्य, सहायक रीडर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ प्रधान आरक्षक लाल सिंह को रीडर शाखा के कार्यो के निर्वहन में उत्कृष्ट कार्य हेतु, प्रभारी सीसीटीएनएस शाखा में कार्यरत प्रधान आरक्षक धनराज धुर्वे को जिले में सीसीटीएनएस के उत्कृष्ट संचालन में, जिला विशेष शाखा अनूपपुर में पदस्थ आरक्षक विनय गर्ग को पासपोर्ट तैयार करने संबंधी कार्य में उत्कृष्ट कार्य पर, सीसीटीएनएस शाखा अनूपपुर में पदस्थ आरक्षक रवि सोनकर को ई साक्ष्य, ई-विवेचना के संचालन में उत्कृष्ट कार्य हेतु, सहायक निज सचिव शाखा में कार्यरत आरक्षक राजेश कंवर को निज सचिव शाखा के कर्तव्यों के निर्वहन में उत्कृष्ट कार्य हेतु, सहायक शिकायत शाखा में पदस्थ आरक्षक सपन सिंह को जनता के विरूद्व जनता की शिकायतों, जनसुनवाई की शिकायतों, शिकायतों के त्वरित निराकरण में उत्कृष्ट कार्य हेतु तथा रीडर शाखा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ आरक्षक विजय प्रताप सिंह को रीडर शाखा के कार्यो के निर्वहन में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

## नपाध्यक्ष ने डीआरएम के नाम स्टेशन मास्टर को दिया ज्ञापन

# सुलभ शौचालय बनाने को लेकर नपा ने जताई सहमति



### जिला विकास मंच ने भी समस्याओं पर सौंपा मांग पत्र

*हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।*

जंक्शन स्टेशन अनूपपुर जहां अमृत भारत योजना एवं गतिमान योजना के तहत विकास एवं निर्माण के कार्य चल रहे हैं, लेकिन उसके बावजूद भी अनूपपुर जंक्शन स्टेशन के मेंन गेट के बाहर जहां तक रेलवे का क्षेत्र है वहां पर किसी तरह का सुलभ काम्प्लेक्स का निर्माण नहीं किया गया है। जिससे कोई भी व्यक्ति पेशाब कर देता है, बच्चों से शौच करा देते हैं।जिससे पूरे परिक्षेत्र में यात्रियों को काफी परेशानी होती है। दुर्गंध से पूरे यात्री त्रस्त रहते हैं। जिसको लेकर समाचार पत्रों में समाचार का प्रकाशन हुआ। समाचार को रेल मंत्रालय, रेलवे महाप्रबंधक एवं बिलासपुर रेल प्रबंधक को जागरूक नागरिक अरविंद बियानी द्वारा ट्वीट कर जानकारी प्रेषित की गई। जिस पर बिलासपुर रेल प्रबंधक ने जवाब दिया कि यदि स्थानीय नगरपालिका सुलभ शौचालय लगाने का प्रस्ताव प्रस्तुत करती है, तो रेलवे उसकी व्यवहार्यता का परीक्षण कर अनुमोदन करेगा। जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष अंजुलिका शैलेंद्र सिंह ने बिलासपुर रेल प्रबंधक के नाम स्टेशन मास्टर अनूपपुर को अपने प्रतिनिधि दीपक शुक्ला पार्षद के माध्यम से ज्ञापन दिया। इस अवसर पर जिला विकास मंच के संयोजक वासुदेव चटर्जी एडवो., जागरूक नागरिक अरविंद बियानी, हिमांशु बियानी के साथ ही अन्य लोगों ने स्टेशन मास्टर अनूपपुर एस.एस.शर्मा को ज्ञापन दिया। इस अवसर पर आरपीएफ प्रभारी के.के.दुबे,रेलवे सीआईडी पी.के.मिश्रा भी उपस्थित थे। नगर पालिका अध्यक्ष अंजुलिका शैलेंद्र सिंह ने अपने ज्ञापन में लेख किया है कि नगर पालिका परिषद अनूपपुर, अनूपपुर जंक्शन स्टेशन के मुख्य द्वार के बाहर सुलभ शौचालय (पे एंड यूज) का निर्माण कराना चाहती है। जिसके लिए नगर पालिका परिषद अनूपपुर प्रस्ताव प्रस्तुत कर रही है कि यदि स्थान निर्धारित कर दिया जाएगा तो नगर पालिका परिषद सुलभ शौचालय (पे एंड यूज) का निर्माण कराने के लिए तैयार है।

### जिला विकास मंच ने पुनः दिया मांग पत्र

जिला विकास मंच के संयोजक वासुदेव चटर्जी एडवोकेट ने अनूपपुर जंक्शन स्टेशन की समस्याओं एवं सुविधाओं को लेकर पुनः एक मांग पत्र बिलासपुर रेल मंडल प्रबंधक के नाम स्टेशन मास्टर अनूपपुर को दिया। जिसमें उन्होंने मांग की है कि अनूपपुर जंक्शन स्टेशन में (पे एंड यूज)सुलभ कांप्लेक्स के निर्माण की अनुमति प्रदान करें। पूर्व से स्वीकृत प्रसिद्ध तीर्थ स्थल अमरकंटक में रेलवे का पीआरएस सेंटर जो डाक विभाग के माध्यम से संचालित था बंद कर दिया गया है, उसे पुनः प्रारंभ कराया जाए। पुष्पराजगढ़ राजेंद्रग्राम से करीब 50 ग्रामीण अंचल के आदिवासी बाहुल्य इलाके के यात्री सुविधा के लिए राजेंद्र ग्राम पुष्पराजगढ़ में रेलवे का पीआरएस सेंटर प्रारंभ किया जाए। बहु प्रतीक्षित नागपुर-शहडोल ट्रेन का विस्तार अनूपपुर या अंबिकापुर तक किया जाए। रानी कमलापति-संतरागाछी एक्सप्रेस का ठहराव अनूपपुर में दिया जाए एवं चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन को पुराने समय अनुसार नियमित रूप से पुनः प्रारंभ कराया जाए। बीके 61 आरओबी का उच्च गुणवत्ता के अनुरूप समय सीमा के अंदर निर्माण कराया जावे। प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 से 3-4 को जोड़ने वाले फूड ओवर ब्रिज का निर्माण लिफ्ट सहित समय सीमा के अंदर पूर्ण कराया जावे। अमृत भारत योजना एवं गतिमान योजना के तहत अनूपपुर स्टेशन कार्यों को समय सीमा के अंदर उच्च गुणवत्ता के अनुरूप शीघ्र पूरा कराया जावे एवं इसके साथ ही दूसरे चरण का कार्य भी प्रारंभ कराया जावे जिससे यात्रियों को सभी मूलभूत सुविधाए मिल सके।



# शिक्षा के व्यवसायीकरण पर फूटा अभाविप का गुस्सा

## भारत ज्योति विद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर किया घेराव

*हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।*

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना कल से ही छात्र हितों के मुद्दों को सदैव उठाता रहा है इस संदर्भ में आज विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा भारत ज्योति विद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सोपा गया। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं का कहना है कि भारत ज्योति विद्यालय में कई गंभीर समस्याएं हैं जैसे आर.टी.ई .के तहत विद्यालय में एक विशेष धर्म समुदाय के छात्रों को आरक्षण दिया जाता है, शिक्षा का व्यवसाय कारण बंद हो। भारत ज्योति विद्यालय के द्वारा पुस्तकों एवं यूनिफॉर्म ड्रेस की दुकान निर्धारित की गई है जहां से कमीशन आता है वह भी पूरी तरह बंद हो। विद्यालय परिसर में मां सरस्वती व भारत माता की प्रतिमा स्थापित किया जाए, संविधान में साफ कहा गया है कि विद्यालय धर्म के आधार पर नहीं बल्कि शिक्षा के आधार पर चलाया जाए लेकिन भारत ज्योति विद्यालय पर ईसाई धर्म को बढ़ावा दिया जाता है, विद्यालय में संचालित निजी वाहन में किसी भी प्रकार के नियमों का पालन नहीं होता है सीट से ज्यादा विद्यार्थियों को अधिक संख्या में भरकर ले जाया जाता है कल कोई बड़ी घटना यदि हो जाती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। शासन के गाइडलाइन के अनुसार विद्यालय वहां में सीसीटीवी कैमरा अग्निशामक यंत्र, वाहन का रंग पीला होना आवश्यक है, विद्यालय में छात्रों को तिलक व रक्षासूत्र लगाकर आने पर प्रतिबंध लगाया जाता है, विद्यालय में ईसाई धर्म से जुड़े सारे त्यौहार मनाए जाते हैं लेकिन हिंदू धर्म के किसी भी त्यौहार या कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाते हैं। बसंत पंचमी पर माता सरस्वती जी की पूजा नहीं की जाती है, विद्यालय में प्रति वर्ष फीस अतिरिक्त बढ़ाई जाती है। इन सभी विषयों पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अनूपपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन कर विद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा और कहा कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा जिसका जिम्मेदार विद्यालय प्रशासन होगा। इस दौरान विद्यार्थी परिषद के सभी कार्यकर्ता गण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।